प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 19.02.2025

- **कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थैले में रखे आभूषण व नगदी को छीन लेने की घटना कारित करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल नं0- UP 78 GA 9085, छीने गये रुपयों में से 7250 रू0 तथा एक डिब्बे में 38 अदद बिछिया सफेद धातु ,दूसरे डिब्बे में 15 अंगूठी सफेद धातु व तीसरे डिब्बे में 11 जोड़ी पायल सफेद धातु आभूषण बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में घटनाओं/अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 10.02.2025 को वादी श्री संजय कुमार सोनी पुत्र राजकुमार सोनी निवासी सत्तेश्वर पूर्वी जनपद औरैया द्वारा दी गयी तहरीर जिसमें अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी के थैले में रखे आभूषण व नगदी को छीन लेने के सम्बन्ध में थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0- 25/2025 धारा 304(2)/317(2)/61(2)(क) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्तगण 1. जाहिद पुत्र आबिद उर्फ बबलू निवासी सत्तेश्वर (पूर्वी) ब्लाक गेट के पीछे थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया 2. जीतू उर्फ छन्नी पुत्र कुंवर सिंह फौजी निवासी सत्तेश्वर (पूर्वी) थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया को दिनांक 18.02.2025 को समय करीब 19.55 बजे सन्दलपुर रोड पर जटियापुर मोड नहर पुलिया के पास से मय घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल नं0- UP 78 GA 9085, छीने गये रुपयों में से 7250 रू0 तथा एक डिब्बे में 38 अदद बिछिया सफेद धातु ,दूसरे डिब्बे में 15 अंगूठी सफेद धातु व तीसरे डिब्बे में 11 जोड़ी पायल सफेद धातु आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. जाहिद पुत्र आबिद उर्फ बबलू निवासी सत्तेश्वर (पूर्वी) ब्लाक गेट के पीछे थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया।
2. जीतू उर्फ छन्नी पुत्र कुंवर सिंह फौजी निवासी सत्तेश्वर (पूर्वी) थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त जीतू उर्फ छन्नी पुत्र कुंवर सिंह फौजी निवासी सत्तेश्वर (पूर्वी) थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया ने पूछताछ करने पर बताया कि करीब एक माह पूर्व मेरे पडोसी संजय कुमार सोनी पुत्र राजकुमार सोनी के साथ मेरा झगडा हुआ था जिसके सम्बन्ध में संजय कुमार सोनी उपरोक्त ने मेरे खिलाफ कोतवाली औरैया में रिपोर्ट लिखवाई थी, इसलिए मैंने रंजिशन अपने दोस्त के साथ षडयन्त्र करके संजय सोनी के साथ उक्त घटना करने की योजना बनायी थी। जिसके बाद मेरे मित्र जाहिद ने मिलकर पल्सर मोटरसाईकिल से दिनांक 10.02.2025 को घटना की थी। घटना के दिन व घटना से पूर्व मैं संजय सोनी के आने जाने की खबर रख रहा था। हमारे पास मिले थैले में चांदी के जो आभूषण है यह संजय सोनी से छीने गये आभूषण ही हैं। हम लोग जिनको बेचने कानपुर नगर जा रहे थे कि आपने हमे यहां पकड लिया।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 025/2025 धारा 304(2)/317(2)/61(2)(क) बीएनएस थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

1. घटना में प्रयुक्त 01 अदद पल्सर मोटरसाइकिल नं0- UP 78 GA 9085
2. 7250 रू0 नगद
3. एक डिब्बे में 38 अदद बिछिया सफेद धातु, दूसरे डिब्बे में 15 अंगूठी सफेद धातु व तीसरे डिब्बे में 11 जोडी पायल सफेद धातु आभूषण।

गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री महेश कुमार
2. उ0नि0 श्री चरण सिंह
3. उ0नि0 श्री दयानन्द झा
4. हे0का0 92 सुरेन्द्र सिंह
5. का0 98 गौरव कुमार